
# केस स्टडी-09/2025

VCD

जारी तिथि : 28.03.2025

**घटनाक्रम:-** दिनांक 26.03.25 को मध्य रेल के नागपुर मण्डल में ट्रेन नं.: 12577, लोड: 23 बोगी, सेक्शन: NGP-BPQ, लोको क्र. 37233/WAP-7/SPJ, गाड़ी नागपुर स्टेशन से 18.40 बजे स्टार्ट हुई। अजनी - खापरी सेक्शन में VCD ऑपरेट होने की वजह से गाड़ी 18.57 बजे खड़ी हो गई, लोको पायलट द्वारा VCD को रिसेट कर गाड़ी 19.03 बजे स्टार्ट की गई। लोको पायलट के कथनानुसार PVCD (VCD पैडल स्विच) जगह पर नहीं लगा था तथा BPVG/BPVCD नहीं दिखा और VCD ऑपरेट हो गया, कर्मीदल द्वारा अच्छे से देखने पर पाया कि पेनल "A" पर LSVW के स्थान पर BPVCD लगा है, परन्तु डॉट पेन से लिखे होने के कारण नहीं दिखा तथा इस बाबत कैब में भी कोई स्टेंसिल नहीं लगाया गया था।




**संभावित कारण :-**


- लोको पायलट का नागपुर में चार्ज लेने उपरांत PVCD का न होना, देखने में विफल रहना।
- सभी लोको में PVCD आइसोलेट किया जा रहा है, इस मॉडिफिकेशन से लोको पायलट का अनभिज्ञ रहना।
- कर्मीदल द्वारा BPVCD पुश/प्रेस बटन को भी ढूढने में असफल रहना।

**उपरोक्त घटना से सबक :-** **संदर्भ: Modification Sheet No. RDSO/2024/EL/MS/0505 (Rev-'0') dtd 02/12/2024**



उपरोक्त संदर्भानुसार 3 फेज एवं प्रचलित लोको में PVCD (VCD पैडल स्विच) निकाल दिया गया है व VCD को एक्नोलेज के लिए BPVG पुश बटन लगाया गया है जो कि LSVW के स्थान पर लगाया गया है तथा LSVW को LSAF लैंप के दाहिने ओर लगाया गया है तथा प्रचलित लोको में ड्राईवर डेस्क पर लगा है।

- कर्मीदल लोको का जब भी चार्ज ले तो सुनिश्चित कर ले कि PVCD है या नहीं , यदि नहीं है तो BPVG कहाँ पर स्थित है।
- गाड़ी स्टार्ट करने से पहले ही देख लें ताकि उपरोक्त घटना की पुनरावृति न हो।
- आने वाले लोको पायलट से भी BPVG बाबत अवश्य पूछ लें तथा आने वाले लोको पायलट भी खुद होकर जाने वाले लोको पायलट को BPVG संबद्ध जानकारी अवश्य दें।
- लोको का चार्ज लेते समय मोडिफिकेशन जानकारी हेतु कैब पर लगे स्टेंसिल (दोनों कैब में) को अवश्य पढ़े।
- बिना टीएलसी के आदेशानुसार VCD को आइसोलेट न करें।
- **RDSO Modification Sheet देखने के लिए** **Letter** **इस बटन को टच करें।**




**नोट:** केस स्टडी केवल कर्मीदल को काउन्सलिंग देने के उद्देश्य से तैयार की गई है, इसे काउन्सलिंग के अलावा किसी अन्य उद्देश्य के लिए मान्य नहीं होगा।

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें

(निखिल सिंह)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

Rly : 56312    टी. आर. ओ. विभाग, नागपुर – हमेशा सतत प्रयासरत .......